# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मई 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

**भिलाईनगर/** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सामुहिक भोज एवं स्वच्छता श्रमिक हमारे स्वच्छ श्रमिक विषय पर मासिक थिमेटिक ड्राईव का प्रारम्भ, श्रमिक सम्मान, समारोह में दीप प्रज्जलित कर एवं श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर निगम परिसर के मुख्य कार्यालय में माननीय अतिथियों के कर कमलों से छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन, निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव, निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा, भोजराम सिन्हा, प्रभारी आयुक्त श्री आर0के0 साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सम्मान समारोह सम्पन्न होने के पश्चात् समस्त अतिथियों ने उपस्थित समस्त श्रमिक साथियों ने सामुहिक भोज किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रमशीला साहू ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निगम भिलाई में कार्यरत श्रमिक साथियों के द्वारा स्वच्छता को लेकर जो कार्य किये जा रहें हैं तथा घर-घर स्वच्छता का संदेश आम नागरिकों तक पहुंचा रहे हें आप लोग के द्वारा प्रेषित संदेश के माध्यम से ही आज भिलाई स्वच्छता रैकिंग की ओर आगे बढ़ रही है तथा पूर्व में आप लोगों के अथक प्रयास एवं कड़ी मेहनत का परिणाम था कि भिलाई नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार से सम्मानित किया गया था। जिस तरह देश की सेना सीमा की सुरक्षा करती है उसी तरह आप लोग भी कड़ी मेहनत करते हैं मैं आप लोग को प्रणाम करता हूं आपकी कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज पुरे शहर के श्रमिक भाईयों के सम्मान करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ।



## ग्रीष्म ऋतु में होने वाले बीमारियां जैसे पीलिया एवं लू के बचाव की जानकारी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0 एल0 चौहान ने शुद्ध पेयजल वितरण एवं ग्रीष्म ऋतु में होने वाले बीमारियां जैसे पीलिया एवं लू के बचाव से आम नागरिकों को अवगत कराने ,लोक सुराज में प्राप्त आवेदन ,निर्माण कार्य ,पीएमओ कार्यालय से प्राप्त आवेदन ,निदान 1100 ,निगम जनदर्शन, लोक निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्य के संबंध में निगम सभागार में समस्त विभाग प्रमुख, जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, पेयजल से जुड़े कर्मचारियों की आवश्यक बैठक निगम सभागार में ली गई। निगम आयुक्त श्री चौहान ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पाइप लाइन के माध्यम से नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है तथा स्टैंड पोस्ट के पास सफाई व्यवस्था को लेकर जोन आयुक्त से वार्ड वार जानकारी मांगी गई जोन आयुक्तों के द्वारा इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी से आयुक्त महोदय को अवगत कराया गया।श्री चौहान ने समस्त जोन आयुक्त को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अपने जोन में सभी पेयजल से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों की एक बैठक कर पेयजल वितरण व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देवें। सीवर लाइन का गंदा पानी पेयजल वाली पाइप लाइन में तो नहीं जा रहा है इसका परीक्षण करावे यदि किसी स्थान पर वार्ड क्षेत्र में बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज होने की जानकारी नागरिकों द्वारा दी गई हो या किसी अन्य माध्यम से शिकायत प्राप्त हुआ हो तो इसको सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल मौके का निरीक्षण कर संधारण कार्य करें ।



## ठेकेदार पर सड़क बाधा शुल्क के रुप में निगम ने वसूला 50 हजार रुपये

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र के अंतर्गत आम नागरिकों के आने जाने के रास्ते को ठेकेदारों के द्वारा रेत, ईंट, गिट्टी, सीमेंट एवं अन्य सामग्री रखकर बाधा पहूंचाते हैं ऐसे ठेकेदारों पर मौके का निरीक्षण कर सड़क बाधा शुल्क वसूल किये जाने के निर्देश सभी जोन आयुक्त को दिये गये तथा वार्डों में भ्रमण के दौरान ऐसे सड़को पर बाधा पहुंचाने वाले ठेकेदार, व्यवसायियों सहित अन्य जिनके कारण नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती है उससे मौके पर ही सड़क बाधा शुल्क वसूलने के सक्त निर्देश दिये गये। आज जोन 04 के जोन आयुक्त श्री संजय शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री धर्मेन्द्र मिश्रा, जनसम्पर्क अधिकारी श्री सुभाष सिंह ठाकुर, सहायक स्वास्थ्य श्री जावेद अली, उपयंत्री श्री बसंत साहू, स्वच्छता निरीक्षक श्री व्ही0के0 सेमूअल के द्वारा जोन 04 शिवाजी नगर कार्यालय के अंतर्गत वार्ड 38 में शीतला मंदिर के पास सर्विस रोड पर ठेकेदार पंकज तिवारी के द्वारा रेत एवं गिट्टी से आम नागरिकों के आवागमन में बाधा पहूंचाने के कारण मौके पर ही पंचनामा तैयार कर ठेकेदार से 50 हजार रुपये सड़क बाधा शुल्क के रुप में अर्थदण्ड से रोपित किया गया तथा मौके पर ही ठेकेदार के द्वारा तत्काल दण्ड के रुप में 10 हजार रुपये निगम कोष में जमा कराया गया जिसकी रसीद ठेकेदार को दी गई। शेष राशि 40 हजार रुपये ठेकेदार के बिल से वसूली कर नियमानुसार निगम कोष में जमा किया जावेगा।



## एकीकृत आजीविका अभियान के तहत आजीविका एवं कौशल विकास मेला

**भिलाईनगर/** एकीकृत आजीविका अभियान के तहत आजीविका एवं कौशल विकास मेला 05 मई 2018 को नेहरू सांस्कृतिक भवन, सेक्टर-01 भिलाई में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले वासियों को कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी एवं अवसर प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में एकीकृत आजीविका केन्द्र एवं महिला स्वशक्ति केन्द्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय जी, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्रीमती रमशीला साहू जी, महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, विशेष अतिथि श्री ताम्रध्वज साहू सांसद दुर्ग लोकसभा, श्री लाभचंद बाफना संसदीय सचिव, श्री विद्यारतन भसीन विधायक वैशाली नगर, श्री भुपेश बघेल विधायक पाटन, श्री अरुण वोरा विधायक दुर्ग, श्री राजमहंत सांवला राम डाहरे विधायक अहिवारा, श्री अवधेश चंदेल विधायक बेमेतरा, श्रीमती माया बेलचंदन अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, श्री देवेन्द्र यादव महापौर निगम भिलाई, श्रीमती चन्द्रिका चन्द्राकर महापौर दुर्ग, श्रीमती चन्द्रकांता मांडले महापौर चरोदा निगम, के करकमलों द्वारा सम्पन्न होगा। इस उपलक्ष्य मे जिले की कौशल प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं उपस्थित रहेगीं एवं विभिन्न कौशल प्रशिक्षण विषयों की जानकारी देंगी, बैंक उपस्थित रहेगें जो शासन से जुड़ी स्वरोजगार संबंधी अवसरों की जानकारी देंगे, एवं बेरोजगार प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी होंगे।



# सेक्टर 9 हॉस्पिटल ब्लड बैंक के संदर्भ में सीएम से मिले मेयर

जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 भिलाई के ब्लड बैंक यूनिट को बंद होने से क्षेत्र में आई संकट एक गंभीर मुद्दा है, बीएसपी कर्मचारी ही नहीं अपितु जिले वरन दुर्ग संभाग सेक्टर 09 स्थित अस्पताल पर आश्रित है जहाँ ब्लड बैंक में घटित घटना के पश्च्यात उसे बंद किए जाने की कार्यवाही ने कुछ ही दिनों में क्षेत्र भर में असर दिखना शुरू हो गया है प्रतिदिन सैकड़ों मरीज हॉस्पिटल से वापस लौटाए जा रहे हैं, भिलाई शहर में आयी इस सामूहिक परेशानी से निजात हेतु महापौर देवेन्द्र यादव ने प्रदेश के मुखिया डॉ श्री रमन सिंह से मिलकर उक्त संदर्भ में विस्तृत चर्चा की और ब्लड बैंक पुनः प्रारम्भ करने निवेदन किया सेक्टर 09 हॉस्पिटल में पिछले दिनों घटित घटनाओं जिसमें ब्लड बैंक का लाइसेंस रद्द होने, अस्पताल प्रबंधन द्वारा सैकडों मरीजों को लौटा देने जैसी घटनाओं को गंभीरता से लिए जाने की कवायद पर महापौर देवेन्द्र यादव आज बीएसपी के सीईओ श्री एम रवि से मिलकर विस्तृत चर्चा की और इस तथ्य की ओर भी ध्यानाकर्षण किया जहां बीएसपी के कर्मचारियों के साथ ही पूरा दुर्ग जिला क्षेत्र सेक्टर 9 हॉस्पिटल पर आश्रित रहता है प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज उक्त अस्पताल में आते हैं, वहीं संक्रमित खून चढ़ाए जाने जैसे मामले उसके पश्च्यात ब्लड बैंक की सिलबन्दी और सैकड़ो मरीजों को वापस लौटाया जाना अत्यंत चिंतनीय घटना



## बी.पी.एल श्रेणी के सदस्यों को मिलेंगा स्मार्ट मोबाईल कल से सर्वे शुरू

भिलाईनगर/छ.ग. शासन की महत्वकांक्षी योजना के अनुसार भिलाई नगर निगम, क्षेत्र के वर्ष 2007-08 में जारी बी.पी.एल. सूची के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के महिला मुखिया सदस्य को मिलेंगा स्मार्ट मोबाईल सर्वे, कल से 18 मई से 25 मई तक हितग्राहियांे का सर्वे कर सूची प्रस्तुत करना है। इसके लिए निगम आयुक्त के.एल. चैहान द्वारा क्षेत्र मंे काम करने वाले निगम कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया प्रत्येक वार्ड के प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर निगम के अधिकारी/कर्मचारी बैठेगें वहीं पर आवेदक आ करके फार्म भरेगें साथ में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, स्मार्ट कार्ड की फोटो काॅपी देना अनिवार्य होगा। आयुक्त चैहान ने बताया कि निगम क्षेत्र में 2007-08 मंे कुल पुराने 67 वार्ड थे। उसकी के अनुसार सर्वे सूची बनी है। पुराने वार्ड के अनुरूप ही अधिकारी/कर्मचारी संबंधित वार्ड में बैठेगें जिन शहरी-गरीब हितग्राहियों का नाम सर्वे सूची में नहीं है। प्रमाणित होने  के बाद उन्हें उनके परिवार महिला सदस्य को भी नियमानुसार मोबाईल प्रदान किया जावेंगा। निगम क्षेत्र में कुल 70,686 बी.पी.एल. हितग्राही है। सभी का फार्म 25 तारीख तक अवश्य भरा जाना है। आयुक्त चैहान ने सभी कर्मचारियों से कहा है, कि इस कार्य को विशेष प्राथमिकता दी जाये। ‘‘छत्तीसगढ़ संचार क्रंाति योजना‘‘ शहरी गरीब परिवार एवं काॅलेज के युवाओं को निःशुल्क मोबाईल फोन उपलब्ध कराये जाएंगे।



## आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश दिए

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र के सभी जोन के अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में चल रहे साफ-सफाई, एकत्रित कचरें को उठायें जाने की व्यवस्था का स्वास्थ्य अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर प्रतिदिन की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। सफाई कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सीधी कार्यवाही की जावेंगी मेरे द्वारा लगातार निगम क्षेत्र में चल रहे सफाई व्यवस्था को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया जावेंगा। निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा लगातार सभी जोन अनुविभाग में चल रहे सफाई व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय, निजी शौचालय, ट्रेचिंग ग्राउण्ड सब्जी मार्केट, सड़क, नाली, तालाब, उद्यान एवं लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्य का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है। तथा समीक्षा बंैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्य प्रगति से अवगत होते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये जाते है दिये गये निर्देशानुसार समस्त विभाग प्रमुख एवं जोन आयुक्त कार्य का संपादन करें।



# संचार क्रांति योजना कुल 39798 आवेदन फार्म भरें गए है

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने संचार क्रान्ति योजना के अंतर्गत कार्य का संपादन करा रहे नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 31 मई तक निगम क्षेत्र के बीपीएल परिवार के पात्र हितग्राहियों से शत् प्रतिशत आवेदन फार्म जमा करावें। निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र के 2007-08 के सर्वे सूची अनुसार निगम भिलाई निगम भिलाई क्षेत्र में पात्र बीपीएल परिवार के हितग्राहियों से अपील की है कि शासन के द्वारा संचालित संचार क्रान्ति योजना का लाभ अवश्य उठावें तथा निगम द्वारा लगाये गये शिविर में जाकर अपने आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन जमा करावें।

निगम भिलाई के द्वारा समस्त जोन कार्यालय के अंतर्गत सभी वार्डो में शिविर आयोजित है नोडल अधिकारी सहित निगम के कर्मचारी शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर आपको आवेदन फार्म उपलब्ध कराते हुए जमा कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। नगर पालिक निगम के समस्त जोन 01, 02, 03, 04, 05, एवं 06 से प्राप्त जानकारी के अुनसार कुल 39798 आवेदन फार्म जमा कराये गये।



## अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन

भिलाईनगर/ 31 मई 2018 को प्रतिवर्ष धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। तथा धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करने हेतु प्रति वर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। जिससे जन सामान्य में धुम्रपान के विरूद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके। 31 मई 2018 अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार निगम के मुख्य कार्यालय सहित जोन के समस्त कार्यालय में नशा मुक्ति रैली, शपथ का कार्याक्रम आयोजित किया गया। निगम मुख्य कार्यालय में अधिकारी/कर्मचारियों को धुम्रपान नही करने की शपथ दिलाई गई निगम सभागार में रूंगटा कॉलेज आॅफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च डिपार्टमेंट आॅफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के डाॅक्टरो के द्वारा उपस्थित रह कर अधिकारी/कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का निःशुल्क चिकित्सा की सेवा प्रदान की गई। उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा नसली पदार्थ के सेवन से होने वाली बीमारियों से लोगो को अवगत कराया साथ ही समझाईश दी गई कि धूम्रपान न करें। तथा गंभीर बीमारियों से बचे। आज आप लोग शपथ ले न हम धूम्रपान करेगें और सामाज में फैले इस बुराई को दूर करने में हम अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगें। तथा आने वाली पीढियों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकें।






**स्काई अंतर्गत बीपीएल परिवार के पात्र हितग्राहियों से शत् प्रतिशत आवेदन फार्म जमा करावें**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने संचार क्रान्ति योजना के अंतर्गत कार्य का संपादन करा रहे नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 31 मई तक निगम क्षेत्र के बीपीएल परिवार के पात्र हितग्राहियों से शत् प्रतिशत आवेदन फार्म जमा करावें। निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र के 2007-08 के सर्वे सूची अनुसार निगम भिलाई निगम भिलाई क्षेत्र में पात्र बीपीएल परिवार के हितग्राहियों से अपील की है कि शासन के द्वारा संचालित संचार क्रान्ति योजना का लाभ अवश्य उठावें तथा निगम द्वारा लगाये गये शिविर में जाकर अपने आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन जमा करावें।

निगम भिलाई के द्वारा समस्त जोन कार्यालय के अंतर्गत सभी वार्डों में शिविर आयोजित है नोडल अधिकारी सहित निगम के कर्मचारी शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर आपको आवेदन फार्म उपलब्ध कराते हुए जमा कराने में सहयोग प्रदान करेंगे।

नगर पालिक निगम के समस्त जोन 01, 02, 03, 04, 05, एवं 06 से प्राप्त जानकारी के अुनसार कुल 40638 आवेदन फार्म जमा कराये गये।

**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई